FORM NO.111

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर (सीकर)

घीसू सिंह वगै0 बनाम सम्पत कॅवर वगै0

किस्म मुकदमा–प्रार्थना पत्र वाजदायरी . मुकदमा नम्बर: 76/2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय लघु हस्ताक्षर जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
20.07.2023	प्रार्थीगण की ओर से श्री रामजीलाल मिश्रा एड0 ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र वाजदायरी का पेश किया। प्रार्थना पत्र वाजदायरी दर्ज रजिस्टर किया जावें। वादीगण की ओर से वकील श्री रामजीलाल मिश्रा एड0 ने उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया है कि न्यायालय द्वारा उनवानी प्रकरण घीसूसिंह वगै0 बनाम सम्पत कॅवर वगै0 मुकदमा संख्या 417/2014 को दिनांक 26.06.2023 को अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज किया जा चुका है। वादीगण वकील सिविल न्यायालय में व्यस्त होने के कारण न्यायालय में तारीख पेशी पर समय पर उपस्थित नहीं आ सके एंव पक्षकारान् के जयपुर रहने एंव वृद्ध व्यक्ति होने से एंव अपने अधिवक्ता के द्वारा पैरवी हेतु उपस्थित रहने के विश्वास पर न्यायालय में उपस्थित नहीं आ सके। जिसके कारण वादपत्र अदम हाजरी व अदम पैरवी में खारिज हो चुका है जिसको पुनः सुनवाई हेतु नम्बर पर लिये जाने के लिए यह प्रार्थना पत्र वाजदायरी पेश किया जा रहा है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वाजदायरी पर वकील वादीगण को सुना गया। वकील वादीगण द्वारा पेश प्रार्थना पत्र वाजदायरी न्यायहित में स्वीकार किया जाता है तथा उक्त उनवानी प्रकरण घीसूसिंह वगै0 बनाम सम्पत कॅवर वगै0 को पुनः नम्बर पर लिया जाता है तथा मूल वादपत्र में आगामी तारीख पेशी 17.08.2023 नियत की जाती है। प्रार्थना पत्र वाजदायरी दर्ज रजिस्टर की जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।	न

Signature Not Verified

Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2023.07.27 10:20:23 IST
Reason: SelfAttested

(दिलीप सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
श्रीमाधोपुर (सीकर)